an>

Title: Regarding developing the tourist places in Bihar and Jharkhand.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदय, बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, प्रकृति ने यहां अपार स्थल दिए हैं। बांका जिले में मंदार, बौसीं, तेलडिहा, सुल्तानगंज में कमरिया, देवघर जहां लोग पैदल यात्रा तक जाते हैं, जहां विश्व प्रसिद्ध मेला लगता है, बेलहर, चानन कटोरिया विक्रमशीला, मसूदन मंदिर और मुंगेर के सीताकुंड, सीताचंद और जमुई का लछुआ जैन मंदिर, इस संबंध में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने एक चिट्ठी भी दी कि

> "Keeping in view the vast tourism potential of the State of Bihar, the Ministry of Tourism decides to consider seven tourist circuits, namely, Vaishali and Bodhgaya development alongwith other places in Buddhist Circuit including Vikramshila (Rs. 200 crore); Sultanganj to Deoghar Project (Rs. 50 crore); Patna Sahib (Rs. 50 crore); Mahatma Gandhi Circuit (Rs. 50 crore); Ramayan Circuit (Rs. 100 crore); Jain Circuit including Champapuri and Pawapuri (Rs. 50 crore); Circuit for Mandar Hills and Ang Kshetra (Rs. 50 crore)"

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि जो घोषणा किया गया है उसके लिए कब पैसा दिया जाएगा, कौन डीपीआर बनाएगा, कौन एजेंसी काम करेगा? बांका के मंदार, कमरिया, धर्मशाला और देवघर इन पर्यटक स्थलों को मजबूत करने के लिए पैसा रिलिज किया जाए।